राजस्थान सरकार
निदेशालय, खान एवं भू विज्ञान विभाग
खनिज भवन, उदयपुर – 313 001/Khanij Bhawan, Udaipur-313 001
दूरभाष – Phones : (0294) – 2415091-95 Exten. फेक्स/Fax : (0294)-2410526
email – po.mg@rajasthan.gov.in

क्रमांकः– निदे/प–5(24)2022–23/ 2093 उदयपुर, दिनांकः– 16/09/2022

कोटेशन के लिये अनुरोध

निदेशालय, खान एवं भू विज्ञान विभाग, खनिज भवन, शास्त्री सर्कल, उदयपुर द्वारा कार्यालय में 10 नग कुर्सियों की खरीद हेतु कोटेशन आमंत्रित किये जाते हैं। कुर्सियों का विवरण निम्नानुसार हैः–

Supply of 10 chairs for Directorate Mines & Geology			
S.No.	Type of chair	Specification	Quantity
1.	Revolving chair	Synchro mechanism, 2D adjustable, Class -4 Gas-Lift, 360° Swivel, High Density Molded Form,	01
2.	Office chair	High Density Molded Form, Heavy CRC Pipe	09

कोटेशन की शर्तेः–

1. कुल सामग्री की अनुमानित लागत 50,000/– रूपये (सभी टेक्स सहित) है।
2. कोटेशन संलग्न प्रपत्र में प्रस्तुत करना होगा। दरें सम्पूर्ण कार्य के लिये सभी करों सहित रूपयों में F.O.R. डेस्टीनेशन, निदशालय, खान एवं भू विज्ञान विभाग, खनिज भवन, शास्त्री सर्कल, उदयपुर हेतु अंकित करनी होगी।
3. कोटेशन प्रस्तुत करने की दिनांक 20.09.2022 दोपहर 12:00 बजे तक है।
4. कोटेशन दिनांक 20.09.2022 को दोपहर 3:00 बजे खोले जायेगें।
5. कोटेशन हेतु प्रपत्र कार्यालय समय में कमरा नं0 236 से प्राप्त किये जा सकते हैं या विभागीय वेबसाईट www.mines.rajasthan.gov.in से भी डॉउनलोड़ किये जा सकते है।
6. बोलीदाता दिनांक 19.09.2022 तक कार्यालय समय में आकर कार्य के सम्बंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।
7. सशर्त एवं अपूर्ण कोटेशनमान्य नहीं होंगे।
8. एक बोलीदाता एक ही कोटेशन प्रस्तुत करेगा।
9. बोलीदाता फर्म/ कम्पनी एम.एस.एम.ई रजिस्टर्ड होनी चाहिए, इस संबंध में बोलीदाता द्वारा प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
10. उपापन संस्था की आवश्यकताओं को पूरा करने वाला न्यूनतम कीमत वाला कोटेशन सफल कोटेशन होगा।
11. कोटेशन प्राप्ति/खोलने की दिनांक को अवकाश घोषित होने पर आगामी कार्य दिवस/दिनांक को प्राप्त/खाले जायेगे।
12. कोटेशन स्वीकार/अस्वीकार करने का एवं बोली कार्यवाही को रद्द करने और समस्त बोलियों को अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार विभाग के पास सुरक्षित है।
13. दरें परिवहन, बीमा प्रभार जो लागु हो को सम्मिलित करते हुए होगी। आपुर्ति की जाने वाली सामग्री के बीमा की जिम्मेदारी बोलीदाता फर्म की होगी।
14. कार्य के दौरान कोटेशन में अंकित सामग्री में किसी प्रकार की हानि होने पर नुकसान की भरपाई बोलीदाता को करनी होगी।
15. बोलीदाता को कोटेशन के लिये अनुरोध में अंकित शर्तों पर अपनी सहमति के स्वरूप प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करने होंगे।
16. बिलों का भुगतान सामग्री की आपूर्ति व निरीक्षण में संतोषप्रद पाए जाने के उपरान्त किया जाएगा।
17. सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियमों एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 तथा नियम 2013 के सभी नियम कोटेशन पर प्रभावी माने जायेगे।
18. सम्पूर्ण विवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर नगर ही होगा ।

(जे.के. गुरूबक्षाणी)
अतिरिक्त निदेशक (खान–मुख्यालय)

क्रमांकः– निदे/प–5(24)2022–23/ 2094 उदयपुर, दिनांकः– 16/09/2022

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. नोडल अधिकारी, डी.एम.जी.ओ.एस.के.का. उदयपुर को प्रेषित कर लेख है कि उक्त कोटेशन के लिये अनुरोध को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करावें।

कोटेशन

निदेशालय, खान एवं भू विज्ञान विभाग, खनिज भवन, शास्त्री सर्कल, उदयपुर द्वारा कार्यालय में 10 नग कुर्सियों की आपूर्ति हेतु कोटेशन प्रपत्र :–

Supply of 10 chairs for Directorate Mines & Geology			
Name of item	Quantity	Rate (per unit)	Total Amount (including GST & other taxes)
1	2	3	4 = 2x3
Revolving chair	01		
Office chairs	10		
Total			

नोट :– सम्पूर्ण कार्य अच्छी गुणवत्ता की होनी चाहिये

(I) अन्य संलग्न अन्य दस्तावेजों का विवरण निम्नानुसार है।

1...

2...

3...

हस्ताक्षर निविदादाता

घोषणा

मैं / हम घोषणा करते है कि कोटेशन में की गयी प्रविष्टियां मेरे/हमारे ज्ञान और विश्वास में सही हैं। मैं/हम यह भी पुष्टि करते हैं कि मैंने/हमने इस कोटेशन दस्तावेज में निहित सभी नियमों और शर्तो को पढ़ और समझ लिया है और इसकी पालना करने के लिए सहमत है।

मैं / हम यह मानते हैं कि उपरोक्त तथ्यों/सूचनाओं को झूठा पाया गया तो डीएमजी, उदयपुर अपने पूर्ण विवेकाधिकार में किसी भी असाइनमेंट को अस्वीकार/रद्ध कर सकता है और इस तरह के मामले में मैं/हम उस असाइनमेंट के संबंध में किसी भी नुकसान/दावा करने के हकदार नहीं होगें।

मैं / हम एतद्द्वारा प्रमाणित करते हैं कि हमारे द्वारा किया जाने वाला कार्य उच्चतम श्रेणी और गुणवत्ता वाला होगा। मैं / हम इसके गुणपूर्णता के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार होंगे। गुणवत्ता में यदि किसी भी प्रकार की कोई कमी पाये जाने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी/क्षतिपूर्ति हमारी होगी।

हस्ताक्षर बोलीदाता

(मय फर्म सील)